

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https:// dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 42 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 12 अ टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## सिलेबस के बाहर से आये प्रश्न से छात्र छात्राएँ परेशान

सिवनी यशोः- एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय सिवनी के बी एस.सी. बी.एड दूसरे सेमेस्टर में कैमेस्ट्री का पेपर निर्धारित सिलेबस के बाहर से आने के कारण छात्र /छात्राएं परेशान है और वे इधर उधर भटकते हुए शा. स्नात. अग्रणी महाविद्यालय सिवनी के प्राध्यापकों में मिले तो उन्होंने कोई सांत्वना दिए बिना दो टूक जबाव दे दिया कि हम` या करे, यूनीवर्सिटी ने जो पेपर दिया है उसमें हम कुछ नहीं कर सकते । छात्र / छात्राएं एवं अभिभावक परेशान है महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. आर के चतुर्वेदी से संपर्क करने से डॉ चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय को जानकारी भेजने के लिये कहा है । छात्र/छात्राओं को संतोषजनक उत्तर नही मिलने के कारण छात्र/छात्राएं परेशान है और उन्होंने मन बना लिया है कि यदि कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तो वे पेपर के समाप्त होने के पश्चात समस्त छात्र/छात्राएं कुलपति महोदय से संपर्क करेंगे। यदि कोई विकल्प नहीं रहता है तो छात्र/छात्राओं के पास हाईकोर्ट जाने विकल्प है। ज्ञात हो कि राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिन्दवाड़ा में जो परीक्षा जून 2023 में होना था वह अ टूबर 2023 में हो रही है। विश्वविद्यालय पहले से ही विवादों के घेरे में रहा है उसके बाद छात्र/छात्राओं की परीक्षा के साथ-साथ उनके भविष्य का भी खिलवाड़ नजर आ रहा है। छात्रों ने उच्च अधिकारियों से इस हेतु सहयोग की अपील की है।

## कले टर एवं एस पी ने किया धूमा चैक पोस्ट एवं एस डी एम कार्यालय का निरीक्षण

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बुधवार 11 अ टूबर को लखनादौन विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण कर आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय लखनादौन का निरीक्षण कर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देशसंबंधित अधिकारियों को दिये। इसके उपरांत कले टर एवं एस पी ने धूमा चैक पोस्ट पहुचकर एस एस टी टीम द्वारा जारी वाहन जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा वाहनके रिकार्ड रजिस्टर का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने पदस्थ कर्मियों को निर्देशित किया कि जिले में प्रवेश कर रहे प्रत्येक वाहन की चैंकिंग की जाये तथा इस प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से विडियोग्राफी की जाये। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हिमांशु जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बाघ के हमले से मिठ्ठनलाल की मौत

सिवनी यशोः- बुधवार 11 अ टूबर को दोपहर के पश्चात जिले के दक्षिण सामान्य वन मंडल परिक्षेत्र के खावास अंगर्तत कक्ष क्रमांक 355 बीट पिंडरई वन क्षेत्र में पालतू पशु चराने गये मिठ्ठनलाल अवथरे नामक चरवाहे को बाघ ने अपना शिकार बनाने के उद्देश्य से मिठ्न पर हमला कर दिया । बाघ के हमले से घायल चरवाहे को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरई लाया गया परंतु रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी । खवासा वनपरिक्षेत्र अधिकारी घनश्याम दास चतुर्वेदी ने जानाकारी देते हुये बताया कि बुधवार को दोपहर के समय परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बीट पिंडरई के कक्ष क्रमांक 355 के वन क्षेत्र में गाय भैंस चरा रहे पिंडरई निवासी मिठ्ठनलाल अवथरे लगभग 49 वर्ष के व्यक्ति की गर्दन पर बाघ ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।



ग्रामवासियों एवं विभागीय सूचना पर वन विभाग की टीम तत्काल घटना स्थल पर पहुँची जहाँ गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरई ले जाया जा रहा था परंतु रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गयी ।

जानकारी के अनुसार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मृतक परिवार से मिले और उन्हें सांत्वना दी है तथा मृतक का अंतिम संस्कार गुरूवार को विभागीय अधिकारियों की उपस्थिती में किया जायेगा । शासन के प्रावधान के अनुसार मृतन परिवार को जंगली जानवर के हमले से होने वाली जनहानि पर आठ लाख रूपये मुआवजा देने का प्रावधान है जो परिजनों को उपलब्ध कराया जायेगा । क्षेत्र में बाघ की उपस्थिती को देखते हुये वन विभाग ने गश्ती बढ़ा दी है ।

# अनिल राजभर का कांहीवाड़ा नगर में हुआ आगमन

कांहीवाड़ा यशोः- मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान रखते हुए केवलारी विधान सभा के दौरे में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर साथ में भारतीय जनता पार्टी सिवनी के जिला अध्यक्ष आलोक दुबे का कांहीवाड़ा में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता किशोरी लाल अवधिया के निवास पर आगमन हुआ जहा श्री अवधिया द्वारा मंत्री एवं जिला अध्यक्ष का तिलक लगाकर शाल श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया । वरिष्ठ नेता परमानंद अवधिया वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष बांदेबार और राष्ट्रीय बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष कपिल अवधिया राजा अवधिया द्वारा भी तिलक श्रीफल भेंट कर मंत्री का स्वागत किया गया । श्री अवधिया के निवास पर बड़ी सं या में कार्यकर्ता बंधु उपस्थित हुए । लखन प्रजापति , डॉ टर राजेंद्र चक्रवर्ती , सुरेश साहू, बलराम साहू , सुरेश मानेश्वर , इंद्रकुमार जघेला मंडल महामंत्री ( जनपद सदस्य ) मनीष अवधिया मंडल अध्यक्ष युवमोर्चा , अंकित साहू महामंत्री युवामोर्चा, रोहित बुंदेला , सहित कार्यकर्ता बंधु उपस्थित हुए ।



## एल्यूमिनी एसोसियेशन के अध्यक्ष बने लवलीन सिंह

सिवनी यशोः- शासकीय महाविद्यालय बरघाट में पूर्व छात्रों के एल्यूमिनी एसोसियेशन का गठन किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सीबी झारिया ने बताया कि पूर्व छात्र व्यवसाई लवलीन सिंह को एल्यूमिनी एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र कुशवाहा को सचिव, त्रिवेश मेश्राम को कोषाध्यक्ष चुना गया है, वहीं राजेन्द्र जायसवाल, संजय सूर्यवंशी, बलराम नागोत्रा तथा विजय चौधरी को सदस्य मनोनीत किया गया है। प्राचार्य प्रो. झारिया ने बताया कि आगामी समय में महाविद्यालय का नेक द्वारा मूल्यांकन किया जाना है। इस मूल्याकन में भी एल्यूमिनी एसोसियेशन गठन एवं विभिन्न गतिविधियों को प्रधानता दी जाती है। इस एसोसियेशन का मु य कार्य पूर्व छात्रों के सहयोग से वित्तीय संसाधन जुटाना तथा उन संसाधनों का उपयोग महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में होगा। इसके अलावा समाजहित में अन्य जनकल्याणकारी कार्य जैस पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सुधार, नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान,रोजगार मेला तथा महाविद्यालय प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करना स मलित है। इस एसोसियेशन में तीन श्रेणी के सदस्य होंगे संरक्षक सदस्य, आजीवन सदस्य तथा साधारण सदस्य स मलित है। इसके लिए महाविद्यालय में सदस्यता पंजी का संधारण होगा। इसमें साधारण सभा तथा प्रबंधकरणीय सभा के गठन का भी प्रावधान है। एसोसियेशन के अध्यक्ष लवलीन सिंह ने अधिक से अधिक सं या में पूर्व छात्रों से एसोसिएशन से जुडने हेतु कहा है तथा महाविद्यालय के विकास में अपना पूर्ण योगदान प्रदान करेंगे, ऐसा विश्वास जताया है।



## आबकारी अपराधों की जानकारी प्राप्ति के लिए टोल फ्री नंबर स्थापित

सिवनी यशोः- जिला आबकारी अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान आबकारी अपराधों पर नियंत्रण रखने, सूचना प्राप्त करने एवं त्वरित कार्यवाही किए जाने हेतु अपर आबकारी आयुक्त राज्यस्तरीय उड़नदस्ता म.प्र.भोपाल में एक टोल फ्री नंबर 1800-233-7833 स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक- 0755-2578687 है। निर्वाचन अवधि में उक्त टोल फ्री किया गया है।

## आर एन शु ल सेवा निवृत व्या याता का स्वर्गवास



सिवनी यशो- शासकीय पॉलीटैं नक कॉलेज सिवनी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग से सेवा निवृत प्रवर श्रेणी व्या याता और नेचुरोपैथी चिकित्सक डा. राम नारायण शु ल का स्वर्गवास 11 अ टूबर को मुंबई में हो गया है इनका अंतिम संस्कार छोटे बेटे अनुराग शु ल के द्वारा मुंबई में किया गया । श्री शु ल महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल सिवनी की सेवानिवृत अपर श्रेणी शिक्षिका श्रीमती अन्नपूर्णा शु ल के पति और श्रीमती प्रीति तिवारी, डा वर्षा वरवंडकर, डा अनुपम शु ल और अनुराग शु ल के पिता और मनोज तिवारी, डा अजित वरवंडकर,श्रीमती स्नेहलता शु ल और श्रीमती दीप्ति शु ल के ससुर थे

# महाराज अग्रसेन का ध्वज फहराया, किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्रीगणेश

सिवनी यशोः- जबलपुर रोड स्थित भवन में महाराज श्री अग्रसेन का ध्वज फहराकर 11 अ टूबर बुधवार को महाराज श्री अग्रसेन जन्मोत्सव पर आयोजित पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ (श्रीगणेश) किया गया। सर्वप्रथम भवन में विराजमान अग्रकुल प्रवर्तक महाराज श्री अग्रसेन, कुलदेवी माता महालक्ष्मी व महाराजश्री के ध्वज का वैदिक मंत्रों के साथ पूजन-अर्चन तथा आरती की गई। इसके बाद भवन परिसर में स्थित मंदिर में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण को 56 भोग अर्पित कर आरती पूजन किया गया, जिसमें बड़ी सं या में समाज की महिलाएं-पुरूषों की उपस्थिति रही। ध्वजारोहण श्री राधेश्याम श्रीमती पुष्पा अग्रवाल द्वारा किया गया।

मंचीय कार्यक्रम में अतिथि राधेश्याम श्रीमती पुष्पा अग्रवाल का अग्रवाल समाज समिति के



पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राधेश्याम अग्रवाल ने समाज को निरंतर उन्नति पथ पर आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रमों में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, महासचिव नरेश अग्रवाल, सहसचिव तरूण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारी, युवा समिति तथा बड़ी सं या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

### आज बच्चों की डांस प्रतियोगिता

प्रवक्ता संजय अग्रवाल ने बताया कि 12 अ टूबर गुरूवार शाम 7 बजे से महिलाओं का ग्रुप डांस, कक्षा 4 से 7वीं के बच्चों के लिए जस्ट डांस, कक्षा 11वीं से ऊपर के युवक-युवतियों के लिए डांस व बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस जोड़ी प्रतियोगिता आयोजित होगी।कार्यक्रम में बिजली कंपनी सिवनी वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री प्रद्यु न कुमार अग्रवाल अतिथि के तौर उपस्थित रहेंगे। 13 अ टूबर शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से आनंद मेला लगाया जाएगा। इसमें स्वादिष्ट व्यंजन व पकवान के स्टाल लगाए जाएंगे। शाम 4 बजे से कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर कौन बनेगा अग्रधनी प्रतियोगिता होगी। 10 वर्ष से अधिक उम्र के सभी इसमें भाग ले सकेंगे। शाम 5 बजे पासिंग द पार्सल, महिला व पुरूषों के लिए यूजिकल चेयर गेम होगा।

# बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता

## महाविद्यालय कुरई में हुआ प्रथम बालिका स मेलन



सिवनी यशोः- प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कुरई द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्दूदेनजर मतदाताओं में मतदान करने के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान तहत %%प्रथम बालिका स मेलन%% का आयोजन किया गया। स मेलन में मतदान के लिए पात्र मतदाता सूची में दर्ज समस्त छात्राओं को मत देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स मेलन के दौरान नव मतदाता छात्राओं को गुलदस्ते से स मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. पवन सोनिक ने कहा कि नव मतदाता की लोकतंत्र में भागीदारी महत्वपूर्ण है। आयोजित प्रथम बालिका स मेलन में मतदान के लिए पात्र सभी छात्राओं ने मतदान का संकल्प लिया। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए अन्य गतिविधि भी संपादित की गई। कार्यक्रम के दौरान रासेयो स्वयंसेवक, कॉलेज विद्यार्थी एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।

# 55 दिने के बाद पुनः प्रदेश में भाजपा की सरकार होगी - सुजीत

सिवनी यशो :- मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। मध्यप्रदेश की जनता ने ठाना है सनातन विरोधी विकास विरोधी कांग्रेस को प्रदेश से मुक्त करना है। यह बात पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुजीत जैन ने फुलारा शक्तिकेन्द्र में भाजपा कार्यकर्त्ताओं की बैठक में कही । उन्होंने कहा कि भाजपा तैयार है पुनः इतिहास रचने को सिर्फ 55 दिन बाद मध्य प्रदेश में पुनः हम सरकार बनाएंगे हम प्रदेश के आदरणीय मतदाताओं के आशीर्वाद से प्रचंड जीत का परचम लहरायेंगे। प्रदेश के मतदाताओं ने यह तय कर लिया है कि पुनः सुशासनयुक्त जन हितैषी प्रदेश हितेषी भाजपा को सत्ता सौपना है। डबल इंजन की सरकार निश्चितरूप से मध्यप्रदेश के लिए कल्याणकारी साबित हुई है। पुनः एक बार विकास की गंगा बहाना है । इस हेतु हम सभी तैयार है। हम अपनी सरकार की उपलब्धिओ के जन हितैषी योजनाओ के बल पर कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के



बल पर चुनाव जीतेंगे।

श्री जैन ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह हर कीमत में करती है। हम वादे सिर्फ चुनाव जीतने के लिए नही करते हमारी नीति सत्ता भोग की नही अपितु राष्ट्र कल्याण अंत्योदय कल्याणकारी है। एक मात्र भाजपा ही है जो विकासवाद की राजनीति करती है बाकी दल सिर्फ परिवार वाद भाई भतीजा वाद तक ही सीमित है। भाजपा की कथनी और करनी में कोई फर्क नही है। चुनाव की तारीख की घोषणा हो चुकी है। पुनः कमलमय होगा मध्यप्रदेश। याद रखें सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण ही भाजपा की पहचान है । इस बार की दिवाली कमल वाली होगी ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने बताया कि फुलारा शक्ति केन्द्र में संपन्न बैठक में सिवनी विधानसभा के विस्तारक दीपक कांबले मंडल अध्यक्ष अनिल बघेल सहित अनेक भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और बड़ी सं या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे । इस बैठक में सिवनी विधानसभा के विस्तारक श्री कांबले ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदीजी ने भगवान श्रीराम के विचारों से प्रेरित होकर "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" मंत्र को गढ़ा है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन गांधी परिवार की चापलूसी करने और रावण की मानसिकता वाले मिस्टर बंटाधार जैसे कांग्रेसियों को दर्द हो रहा है। कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर 60 प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने के संकल्प के साथ सिवनी विधानसभा में भाजपा को प्रचण्ड बहुमत दिलाने के लिए लगातार परिश्रम कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं का समर्पण भाजपा की विजय सुनिश्चित करेगा। महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, किसानों के लिए हमारी सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किया है। भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति का जीवन उन्नत हुआ है केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओ से गरीब कल्याण का जो कार्य हुआ है वह बेहद महत्वपूर्ण है। धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो, यह सनातन धर्म है। इस सनातन धर्म पर कुछ लोगों ने उंगली उठाई और सनातन को खत्म करने की बात कही। लेकिन सनातन को कोई खत्म नहीं कर पाया` योंकि सनातन का न आदि है और न ही अंत। बल्कि सनातन को मिटाने वाले जरूर मिट गए और जनता राष्ट्र और सनातन विरोधियो को जरूर कड़ा उत्तर देगी।

भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल बघेल ने कहा कि बीतों कुछ वर्षो में हमारी सरकार मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से देश के टॉप 10 राज्यों में लेकर आयी है। यहां से अब हमारा लक्ष्य मध्यप्रदेश को देश के टॉप 3 राज्यों में ले जाने का है। और यह आप सभी के सहयोग से ही संभव हुआ है। भाजपा के कार्यकर्त्ताओं की मेहनत और मतदाताओं का आशीर्वाद ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

## नपा ने उतार दिये राजनैतिक दलों के बैनर पोस्टर

सिवनी यशोः-मध्यप्रदेश में चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू कर दी गई है। इसको लेकर कई विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं नगर पालिका परिषद एवं नगर परिषद एवं ग्राम पंचायतों के कर्मचारियों को कहा गया है कि वे शासन के नियमों का पालन करें एवं करवाएं।

नगर पालिका परिषद ने मु य मार्गों एवं बस स्टैंड परिसर सहित नगर की मु य सड़क के किनारे लगे हुये राजनैतिक दलों के बैनर पोस्टर ताबड़ तोड़ तरीके से निकाल लिये । इसी तरह नगर की आंतरिक सड़को के किनारे एवं शासकीय तथा सावर्जनिक स्थानों पर लगे हुये बेनर पोस्टर हटाने के साथ ही राजनैतिक दलों के विज्ञापन और संदेशों को तत्काल हटाने की कार्यवाही की

## जबरन नॉलेज



# बाधा दूर करने के चक्कर में तांत्रिक ने रख दिया युवती की जीभ पर कपूर, जीभ झुलसी



इंदौर। इंदौर मे अंधविश्वास के चक्कर में एक युवती का हाथ और जीभ झुलस गई। युवती बाणगंगा क्षेत्र में रहती है और मानसिक तौर पर परेशान थी। बाधा दूर करने के नाम पर युवती को उसका भाई और मां एक तांत्रिक के पास ले गए थे। तांत्रिक ने उसकी जीभ पर जलता हुआ कपूर रख दिया। उसके हाथ पर भी जले के निशान है।

बाधा दूर करने के नाम पर युवती के साथ मारपीट भी की गई। इस दौरान उसका एक दांत भी टूट गया। इस घटना के बाद तांत्रिक तो भाग गया। पुलिस ने तांत्रिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसके पास ले जाने वाले युवती के भाई और मां के खिलाफ केस दर्ज किया है।

भागीरथ पुरा में आरोपी गुरमीत उर्फ सोनू के पास 22 साल की युवती को उसका भाई और मां लेकर पहुंचे थे। आरोपी गुरमीत ने कहा कि युवती की बाधा दूर करने के लिए तंत्र किया करना होगी। इसके बाद उसने युवती के परिजनों को कमरे से बाहर कर दिया और दरवाजा लगा दिया।

तांत्रिक ने युवती के मुंह पर मुक्के मारे तो उसका दांत टूट गया। युवती चीखने लगी तो भाई ने दरवाजा खोला, लेकिन तांत्रिक ने दोनो को कमरे के भीतर आने से रोक दिया और युवती की जीभ पर जलता हुआ कपूर रख दिया। उसकी जीभ और हाथ झुलस गए और युवती बेहोश होने लगी।

उसकी यह हालात देख भाई और मां भी डर गए। तांत्रिक गुरमीत भाग खड़ा हुआ इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। मामले में पुलिस ने तांत्रिक सहित युवती की मां और भाई के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। तांत्रिक को पुलिस खोज रही है।

# मु  य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

## मध्यप्रदेश में लागू हुई आदर्श आचरण संहिता के बारे में दी जानकारी

भोपाल । मु  य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने आज निर्वाचन सदन, भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक की और प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में लागू हुई आदर्श आचरण संहिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।




राजन ने बताया कि मतदाता पर्ची का वितरण नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 30 अे टूबर के पश्चात एवं 13 नवंबर के पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रदेश में कुल मतदान केंद्रों की सं  या 64 हजार 523 है।

निर्वाचन में प्रत्येक उ मीदवार द्वारा अधिकतम 4 फॉर्म भरे जा सकेंगे। उ मीदवार द्वारा नामांकन भरते समय फीस 10 हजार रुपये निर्धारित है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अ यर्थी के लिए फीस 5 हजार रुपये होगी। उ मीदवार द्वारा शपथ पत्र दिया जाएगा। प्रत्येक अ यर्थी द्वारा नाम निर्देशन के साथ निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र भरकर उपलब्ध कराना होगा। अ यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मु  य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट 222.ष्द्गश्चद्ब्ह्रद्ग्रह्लद्दह्व.द्बद्ब पर 24 घंटे के अंदर प्रदर्शित किए जाएंगे। उ मीदवार को आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी, जिससे मतदाताओं के पास ऐसे उ मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जानने के लिए पर्याप्त समय हो। साथ ही राजनीतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उ मीदवार के चयन का आधार बताते हुए 3 विभिन्न तिथियों में उद्घोषणा प्रकाशित करानी होगी। प्रत्याशी के चयन के 48 घंटे के भीतर समाचार पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं पार्टी की वेबसाइट में फॉर्म सी-7 में प्रकाशित करना होगा।

श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। अ यर्थियों, राजनीतिक दलों एवं राज्य तथा केन्द्र की सरकार पर आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान आयोग के निर्देशों के अनुरूप लागू है। जिलों में कंट्रोल रूम एवं शिकायत सेल क्रियाशील हो गए है। अनाधिकृत संपत्ति विरूपण के लिए आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा से 24 घंटे में शासकीय संपत्तियों से, 48 घंटे में सार्वजनिक संपत्तियों से और 72 घंटे में निजी संपत्तियों से हटाने की समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी जिलों व विधानसभा क्षेत्रों में संपत्ति विरुपण की कार्यवाई जारी है। आदर्श आचरण संहिता के अवधि के दौरान मंत्रियों, राजनेताओं या राजनीतिक दलों के फोटोग्रा  स, उनके संदर्भों एवं प्रसगों को राज्य सरकार की अधिकारिक वेबसाइटों से हटाने के निर्देश जारी किए गए है।

रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। नागरिकों की निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए ष्-ङ्कद्बद्दद्बद्य श्रश्च उपलब्ध है, जिसके माध्यम से नागरिक लाइव फोटो, वीडियो एवं ऑडियो शिकायत के रूप में उपलब्ध कराते है तो 100 मिनट में कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में अपर मु  य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मु  य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, श्री मनोज खत्री, श्री बसंत कुर्रे, उप मु  य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद शु  ला तथा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डिप्टी कले  टर निशा बांगरे को मिली जमानत, जेल से बाहर आते ही बेटे को लगाया गले



भोपाल। मध्यप्रदेश में डिप्टी कले  टर निशा बांगरे को मंगलवार देर रात जमानत मिल गई. बाहर आते वे भावुक हो गई और अपने 3 साल के बेटे को गले से लगाया. निशा बांगरे को एक दिन पहले यानी सोमवार को पुलिस ने हिरासत में लिया था. जब वे बैतूल से पदयात्रा लेकर सीएम से मिलने पहुंची थीं.

मध्यप्रदेश के छतरपुर की डिप्टी कले  टर (स्छ्रू) निशा बांगरे इन दिनों सुर्खियों में हैं. उन्होंने तीन महीने पहले नौकरी से इस्तीफा दिया था, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया था. उसके बाद उन्होंने घोषणा की थी कि वे कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहती हैं. निशा बैतूल के मुलताई से चुनाव लड़ना चाहती हैं. इसके बाद उन्होंने इस्तीफा मंजूर करने की मांग को लेकर पद यात्रा शुरू की थी.

**पुलिस से हुई थी झड़प**

निशा बांगरे बैतूल से भोपाल की पदयात्रा करते हुए निकली थीं. इस दौरान भोपाल पहुंची. यहां वे सीएम हाउस की तरफ बढ़ रही थीं, इसी बीच पुलिस ने उन्हे रोक लिया. पुलिस और निशा के बीच झड़प हो गई, तो पुलिस ने उन्हें गिर  तार कर लिया. इसके बाद उन्हें मंगलवार देर रात जमानत मिली है.

**जेल से बाहर आते ही भावुक हुई**

निशा बांगरे को पुलिस ने धारा 151 के तहत गिर  तार कर लिया था. उसके बाद से वे सेंट्रल जेल में थी. इसके बाद मंगलवार को विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट से उन्हें 10 हजार के मुचलके पर जमानत मिली. जेल से बाहर आते ही निशा भावुक हो गई. उन्होंने सबसे पहले अपने तीन साल के बेटे को गले लगाया.

# टेरर फंडिंग मामले में ATS की कार्रवाई, नीमच से दीपक सिंघल हिरासत में, देश भर में 12 ठिकानों पर ए  शन

भोपाल। देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त और अंतर्राष्ट्रीय आतंकी संगठनों से संबंध रहने वाले पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के मध्यप्रदेश, राजस्थान और दिल्ली सहित करीब 12 ठिकानों पर मंगलवार देर रात से एनआईए छापेमारी कर रही है। केंद्र सरकार पीएफआई पर पिछले साल सितंबर महीने में आतंकी संगठन पीएफआई पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा चुकी है।




केंद्रीय जांच एजेंसियों के इनपुट पर मध्यप्रदेश एटीएस और एनआईए की संयुक्त टीम ने बीती देर रात प्रदेश के नीमच निवासी कारोबारी दीपक सिंघल के ठिकानों पर छापा मारा है। दीपक सिंघल शैल कंपनियों के माध्यम से पैसों का हवाला किया और जीएसटी को भी करोड़ों का चूना लगा चुका है। जीएसटी भी उसके खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। मप्र एटीएस और एनआईए की टीम दीपक सिंघल से टेरर फंडिंग को लेकर पूछताछ कर रही है। एक व्यक्ति को पूछताछ के बाद छोड़ा गया। मुसाब खान और उसके परिवार वालों से लंबी पूछताछ की गई। करीब तीन घंटे तक घर में ही पूछताछ की गई, साथ ही दो मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं।

मध्यप्रदेश में जड़े जमाने की कोशिश में जुटा पीएफआई आतंकी संगठन और उसके राजनीतिक संगठन सहित अन्य सहयोगी संगठनों पर बीते एक साल में कई बार छापेमारी हो चुकी है। मप्र एटीएस ने प्रकरण दर्ज किया था। बाद में मामला अंतर्राज्जीय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़ने के कारण जांच का जि मा राष्ट्रीय जांच अभिकरण (एनआईए) को सौंपा गया है।

एनआईए भोपाल, इंदौर, खंडवा, बुरहानपुर सहित कई अन्य स्थानों पर अलग-अलग छापेमारी कर दो दर्जन से अधिक पीएफआई के सक्रिय सदस्यों को गिर  तार कर चुकी है। भोपाल, इंदौर में पीएफआई और उसके राजनीतिक विंग के कार्यालय सील किए जा चुके हैं।

**टेरर फंडिंग की हो रही जांच**

पीएफआई संगठन से जुड़े लोगों का टेरर फंडिंग में भी शामिल होने के पु  ता सबूत एनआईए को मिले हैं। इसके बाद टेरर फंडिंग को लेकर जांच की जा रही है। कथित आतंकी संगठन के आकाओं से संपर्क रखने वाले कुछ और पीएफआई सदस्यों की गिर  तारी और आतंकी संगठन को सहयोग करने वालों को लेकर बीती देर रात से एनआईए मध्यप्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के 12 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

**भोपाल के खानूगांव में छापेमारी, एक हिरासत में**

बुधवार सुबह एनआईए और मप्र एटीएस की टीम ने एक साथ राजधानी भोपाल के खानूगांव स्थित एक बड़ी इमारत में छापा मारा है। छापेमारी में इमारत की पहली मंजिल पर रहने वाले एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि वह करीब डेढ़ वर्ष पहले ही यहां रहने आया था। वह यहां रहकर पढ़ाई करना बताता था। युवक के संपर्क पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से मिलने के बाद एनआईए व मप्र एटीएस ने दबिश देकर उसे हिरासत लिया है। मप्र एटीएस और एनआईए के अधिकारी सर्चिंग के बाद कुछ दस्तावेज, उपकरण और युवक को लेकर गुप्त स्थान पर पूछताछ करने रवाना हो गए हैं। सुरक्षा कारणों से स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया गया। मौके पर अभी भी पुलिस की टीम तैनात है। सूत्रों के मुताबिक, जिस घर में पूछताछ की है वो मदरसा चलाता है।

# बैनर-पोस्टर हटे या नहीं साइकिल से देखने निकले निगमायुक्त



जबलपुर। आचार संहिता का पालन कराने दिए गए निर्देशों के तहत शहर से बैनर, पोस्टर निकले या नहीं ये देखने मंगलवार को निगमायुक्त साइकिल पर निकले। सुबह-सुबह साइकिल पर सवार होकर निगमायुक्त स्वप्निल वानखडे ने मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, छोटे फुहारा सहित विभिन्न बाजार क्षेत्रों के अलावा ओमती, घंटाघर, तीन पत्ती चौक का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर अधिकारियों को तलब तक आचार संहिता का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था का का भी अवलोकन किया।

**निगम के सभी अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की**

निगमायुक्त ने आचार संहिता लागू होते ही सोमवार को सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि शहर में कही भी कोई बैनर पोस्टर और होर्डिंग्स आदि न दिखे। जिसके तहत् निगम के सभी अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की और शहर से सभी बैनर पोस्ट आदि हटाने की कार्रवाई की।

निगमायुक्त सुबह सात बजे से 11 बजे तक साइकिल से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचे और बैनर, पोस्टर के अलावा सफाई कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान वे डोर टू डोर कचरा कले  शन करने वाली कचरा गाड़ियों की जानकारी लेते हुए पूछा की कचरा वाहन रूट चार्ट के हिसाब से चल रहे है या नहीं, उन्हें जो कचरा गाड़ी दिखी उसकी भी जानकारी लेते रहे।

# राहुल गांधी की एक झलक पाने को उमड़ी भीड़, 50 हजार से ज्यादा लोगों के आने का दावा

शहडोल। शहडोल के ब्यौहारी में कांग्रेस की जन सभा के बाद कांग्रेस में एक नई शक्ति का संचार हुआ है। कार्यकर्ता जोश में नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि इस बार विंध्य की 30 में से 24 सीट कांग्रेस की झोली में जाएगी। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में राहुल गांधी की एक झलक पाने को लोग बेताब रहे। कांग्रेस का दावा है कि जन आक्रोश समापन कार्यक्रम में 50 हजार से ज्यादा लोग आए थे। एक लाख स्क्वायर फीट का पंडाल पूरी तरह भरा था। वहीं, लोग राहुल गांधी को देखने के लिए बैरिकेट्स में भी चढ़ गए थे। कांग्रेस के नेताओं ने ब्यौहारी की जन सभा में एक जुटता का संदेश दिया।

**कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह**

विंध्य के कार्यकर्ताओं में राहुल गांधी को लेकर अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। राहुल गांधी के आने बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर सक्रियता नजर आई। आचार संहिता प्रभावी होने के बाद यह कांग्रेस की सबसे बड़ी जन सभा थी।

**दावेदार ठोकते रहे अपनी ताल**

राहुल गांधी के इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से कांग्रेस के दिग्गज नेता एकत्रित हुए थे। इस कारण विंध्य और महाकौशल के 64 सीटों से दावेदार भी अपनी ताल ठोक रहे थे। सबसे ज्यादा दावेदार विंध्य की सीट से थे जो अपने समर्थकों के साथ टिकट की दावेदारी कर रहे थे।

**महिलाओं की सं  या रही कम**

ब्यौहारी में आयोजित जन सभा में महिलाओं की भागीदारी कम देखने को मिली। कांग्रेस का कहना है कि दूर दराज के क्षेत्र से महिलाओं को आने में तकलीफ होती है इस कारण भी सं  या कम रही।

**हम झूठे वादे नहीं करेंगे- राहुल**

मैंने कमलनाथ, सुरजेवाला जी से कहा कि वायदे वो ही करने हैं जो पूरे हो सके, हम मध्यप्रदेश की जनता से मोहब्बत करते हैं हम झूठे वादे नहीं करेंगे। माताओं-बहनों को 15 सौ रुपये माताओं बहनों को मिलेगा। 500 रुपये में सिलेंडर, 100 यूनिट बिजली मु  त, आदिवासियों के लिए तेंदुपत्ता चार हजार का। अपने भविष्य पर आप निर्णय लेने जा रहे हैं। जब भी मेरी जरूरत हो आप किसी भी वर्ग किसी भी धर्म के हो मुझे बुलाइए मैं हाजिर हो जाउंगा। तेंदुपत्ता की मजदूरी का पैसा तीन से चार हजार रुपये तक हम बढ़ा रहे हैं।

**भाजपा के कारखाने में हर रोज आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा ह- राहुल**

आडवानी जी ने कहा था कि आरएसएस और बीजेपी का सच्चा कारखाना गुजरात में नहीं है मगर



मध्यप्रदेश में है। आडवानी जी ने कहा था कि मध्यप्रदेश उनका कारखाना है तो मैंने सोचा कि चलो देखें। दो तीन उदाहरण आपको देना चाहता हूं। बीजेपी की लेबोरेटरी में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है और उनका पैसा चोरी किया जाता है। देश के किसी प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज नहीं किया जाता है। मध्यप्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है। मध्यप्रदेश में महाकाल से चोरी की जाती है। बच्चों का मिड डे मील का पैसा मध्यप्रदेश में चोरी किया जाता है। व्यापमं में एक करोड़ युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जाता है। पटवारी बनने के लिए 15 लाख की रिश्वत ली जाती है। बीजेपी की लेबोरेटरी में हर रोज तीन किसान आत्महत्या कर रहे हैं। मंदसौर में गोली मारी जाती है।

भाजपा के कारखाने में हर रोज महिलाओं से दुराचार हो रहा है

भाजपा के कारखाने में हर रोज महिलाओं का रेप होता है। बीजेपी की लेबोरेटरी में नेता आदिवासियों के ऊपर पेशाब करते हैं। शब्द बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। आदिवासी शब्द का मतलब जो पहले आए थे, जो इस जमीन के मालिक थे। उनको हम आदिवासी कहते हैं। मतलब ये कोई खोखला शब्द नहीं है। इसका मतलब हिन्दुस्तान की जमीन, जल, जंगल पर आपका सबसे पहला हक बनता है। दूसरी तरफ वनवासी मतलब आपका जमीन पर हक नहीं बनता, इसलिए बीजेपी के नेता आदिवासियों पर पेशाब करते हैं। जो जानवरों को भी खिलाया नहीं जाता वो आदिवासियों को खिलाया जाता है। इनका कहना है कि आपको जंगल में रहना है। ये आदिवासी और वनवासी शब्द का फर्क है।

भाजपा सरकार ने धमकी देकर, डरा कर आपसे जमीन छीनी। जोबट, मंडला, डिंडौरी में आपने धरना दिया। कहा कि जमीन नहीं देना चाहते मगर हिंसा के साथ आपको हटाकर जो आपका (आदिवासी) है उसे छीना गया। मैं आपको गारंटी देता हूं जो आपका है आपको दे देंगे। जमीन का हक आपको दे देंगे।

हिन्दुस्तान की सरकार को 90 अफसर चलाते हैं। केंद्र सरकार का कोई भी निर्णय हो छोटे से छोटा, बड़े से बड़ा, मनरेगा कैसे काम करेगी। ये सारे निर्णय अंत में ये 90 अफसर साइन कर के निर्णय लेते हैं। 90 अफसरों में से तीन अफसर ओबीसी वर्ग के हैं। ये जो पूरा बजट है इसमें से सिर्फ पांच परसेंट बजट ओबीसी अफसर तयपकरते हैं। अगर सरकार 100 रुपये खर्च करती है तो ओबीसी अफसर पांच रुपये का निर्णय लेते हैं। अगर सरकार 100 रुपये खर्च करती है और ओबीसी पांच रुपये का निर्णय लेते हैं तो बताइए आदिवासी कितने रुपये का निर्णय लेते हैं। आदिवासी अफसर कितने रुपये का निर्णय लेते हैं। शर्म की बात है 100 रुपये में से आदिवासी अफसर पांच रुपये का निर्णय नहीं लेते। आदिवासी अफसर 10 पैसे का निर्णय लेता है। इससे बड़ा आदिवासी वर्ग का अपमान किया जा सकता है  या।

आदिवासियों को इस देश में कितना हक मिलना चाहिए, ओबीसी, एससी, एसटी को कितना हक मिलना चाहिए, इसलिए हमने जाति जनगणना की बात की है और हम करवा के दिखाएंगे। पहले मोदी भाषणों में वनवासी कहते थे, मैंने कहा आप आदिवासियों का अपमान मत करो। अब वो वनवासी नहीं कहते अब आदिवासी कहते हैं, लेकिन दिल और दिमाग में वनवासी। हमारी नियत साफ है। दिल, दिमाग, मुंह, कर्मो से आदिवासी।

हम आपसे झूठ बोलने नहीं आए हैं। जाति जनगणना कराएंगे। चाहे बीजेपी कराए तो हम दबाव डालेंगे। हम कराएंगे। छग, कर्नाटक, राजस्थान की सरकार ने काम शुरू कर दिया है। एमपी में सरकार आते ही हम पहला काम जाति जनगणना का करेंगे। हम आदिवासी वर्ग को हिन्दुस्तान की हिस्सेदारी देना चाहते हैं। पहला कदम जाति जनगणना है। मैंने कमलनाथ जी से कहा, कमलनाथ जी आपकी आयु  या है। 72 साल के हैं, कभी जीप में चढ़ जाएंगे। कभी जन आक्रोश यात्रा में चले जाएंगे। जाति जनगणना ऐ  स रे है। आदिवासी वर्ग को चोट लग रही है। ओबीसी वर्ग को चोट लग रही है, चलो ऐ  स रे करा लेते हैं। मैंने मोदी जी को चैलेंज दिया, देश का ऐ  स रे करा दो। कभी मोदी जी पाकिस्तान की बात करेंगे, कभी अफगानिस्तान की करेंगे। मतलब इधर ध्यान कराएंगे, उधर कराएंगे। मोदी जी जाति जनगणना के बारे में अपने भाषण में बोल दीजिए।

**शिवराज पर बरसे कमलनाथ**

कमलनाथ ने रानी दुर्गावती, बादल भोई, टंट्या मामा को याद करते हुए कहा कि मैं आदिवासी क्षेत्र छिंदवाड़ा से आता हूं। आज यहां आकर बहुत खुशी हुई। राहुल जी आप उस प्रदेश में आये हैं, जहां चौपट सरकार सालों से चल रही है। यहां अर्थव्यवस्था से लेकर कृषि तक सब कुछ चौपट है। चुनाव की घोषणा के बाद ये पहली सभा है। इस चुनाव में मध्यप्रदेश के भविष्य का फैसला होना है। आज का भटकता नौजवान सबसे बड़ी चुनौती है। आने वाली पीढ़ियों को कैसा मध्यप्रदेश देना चाहते हैं, ये आने वाला चुनाव तय करेगा। ये ऐसा प्रदेश है जहां किसान के आंसू शिवराज नहीं देख सकते। मुंह चलाने और देश चलाने में बहुत अंतर है। अब सिर्फ 35 दिन बचे हैं। एमपी की जनता ने आपकी कलाकारी को पहचान लिया है। पैसे दो काम लो ये आज हालात हैं।

कांग्रेस की सरकार आते ही हम सबसे पहले रेत माफिया से निपटेंगे। रेत का अधिकार आपको देंगे। शिवराज ने घर-घर में शराब दी है। हमारी सरकार ने अपनी नीति और नियत का परिचय दिया। 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया, शहडोल के 18 हजार किसानों का कर्ज पहली किस्त में माफ किया। 100 रुपये 100 यूनिट बिजली दी। एक हजार गौशाला बनाई। हमने पेंशन बढ़ाई। हमने एमपी की पहचान बनाने की कोशिश की। यहां निवेश आए और यहां के युवाओं को रोजगार मिले। ये मेरा प्रयास था। शिवराज जी जनता ने आपको पहचान लिया है। 35 दिन में दबाने, घबराने और छिपाने वाला कार्यकाल खत्म होने वाला है। जनता आपको प्यार से विदा करेगी। हम विकास का नया इतिहास बनाएंगे। एमपी की तस्वीर सामने रखकर सच्चाई का साथ दीजिएगा। शहडोल की तीनों विधानसभा का झंडा हमारी मध्यप्रदेश विधानसभा में लहराएगा।

# कृषि कृषक प्रकोष्ठ की कांग्रेस ने जिला कार्यकारणी एवं ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा की

सिवनी यशोः-मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष(पूर्व मु यमंत्री)माननीय कमलनाथ जी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, जिला प्रभारी चैधरी गंभीर सिंह के अनुमोदन पर म.प्र. कांग्रेस कृषि कृषक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष केदार सिरोही जी की स्वीकृत से जिला कांग्रेस कृषि कृषक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष घनश्याम सनोडिया द्वारा जिला कार्यकारणी एवं ब्लाक अध्यक्षों की सूची जारी की गई जो इस प्रकार है। जिला उपाध्यक्षों में दिलीप राहंगडाले धारना, राधेलाल पंचेश्वर शु ला, चोखेलाल काढ़े चिखली कुरई, शिवराम पाल जोगीवाड़ा, सेवक बघेल ढेंकी, पत्तालसिंह सनोडिया सिमरिया, अटल भलावी भटेखारी, शरद गोलू ठाकुर चंदनवाड़ा, योगेन्द्र पटले सारसडोल, लक्ष्मण उइके एरपा, श्रीमति राशी बाई उइके नंदौरा, मिथलेश सनोडिया मोहगांव, कोषाध्यक्ष भरतराम पटेल भंडारपुर, महामंत्री गजानंद राना खमरिया अरी, राहुल डहरवाल रमपुरी कुरई, पैकराम राठौर बादलपार, कामता सनोडिया लामाजोति, नेमीसिंह इनवाती सर्रा, ज्ञानचंद उप सरपंच अमोली, अफजलुर्रहमान खान ड्यूटी कान्हीवाडा, रामकुमार बघेल भोंगाखेड़ा, तोपसिंह चंदेल मुंगापार, संजू सनोडिया गोबरबेली, अब्दुल मोहसिन खान छपारा, राम अवतार जंघेला दुकली संगठनसचिव सेवकराम गाढ़ेश्वर बोरी, नारायण ज भारे सज्जनवाड़ा, श्रीमति माया बाई सरपंच खंडासा, डिमांक सिंह राना बेलगांव, विकास डेहरिया सिल्लैर, सुरेन्द्र बघेल लोनिया, राम सनोडिया बटवानी, सफदर खान चारगांव, जगदीश उइके डुंगरिया, शिवकुमार चीचबंध, विनोद साहू सकरी, भरत कुमरे ब होडी, रामकृष्ण साहू गरठिया, शिवशंकर बघेल तिघरा सचिव सुनील बघेल थिगरीपार, हेमंत साहू गोरखपुर, शीतल डेहरिया सुआडोंगरी, ईश्वर पटेल नागदहार, ओमप्रकाश चन्द्रवंशी भोमा, रितेश ठाकुर चंदनवाड़ा, राजिक खान खमरिया, रामकिशन साहू गरठिया, उमाशंकर सनोडिया सिंघोडी, कपिल बघेल झिलमिली, शिवनंदन बघेल कुकलाह, रघुराज सिंह बघेल टिकारी, प्रवक्ता, नीलकंठ सनोडिया करहैया, नेपाल सनोडिया ढुलबजा, रविन्द्र बघेल लखनवाड़ा सदस्य मदनलाल मात्रे पिपरिया आष्टा, श्यामसिंह माली कलबोडी, धनसिंह सनोडिया, जीकेश साहू पिपरिया गोपालगंज, पवन उइके लकवाह, विजय इनवाती बंदरिया, अनवर पटेल बड़पानी, कमलेश ठाकुर मडवा, महबूब खान छिन्दबर्री, बबलू महाराज खुर्सीपार, सजजनसिंह पटेल खमरिया, तेईसिंह उइके केवलारी, काशीराम चन्द्रवंशी हर्रई, मेहबूब रज खान सालीवाड़ा, साबिर खान चिड़ी, गुरूप्रसाद ठाकुर नागाबाबा घंसौर, रंजीत ठाकुर पुंगार, राजेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी कान्हीवाड़ा, रामेश्वर पटेल झगरा, सुशील इनवाती कुकलाह तथा ब्लाक अध्यक्षों में सिवनी ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद बघेल सिमरिया, मुंगवानीकलां ब्लाक अध्यक्ष योगेन्द्र राजपूत मारबोडी, बंडोल ब्लाक अध्यक्ष ओमकार राय पौंडी, गोपालगंज ब्लाक अध्यक्ष इन्द्रमणी सनोडिया भंडारपुर, बखारी ब्लाक अध्यक्ष गिरधारी पवार चारगांव, चमारी ब्लाक अध्यक्ष राजेश शर्मा नांदिया, बरघाट ब्लाक अध्यक्ष परमानंद चैधरी खुर्सीपार, गंगेरूआ ब्लाक अध्यक्ष विजय बिसेन गंगेरूआ, कुरई ब्लाक अध्यक्ष पूनाराम गंगारे पोटिया, सुकतरा ब्लाक अध्यक्ष मु तादिर खान बादलपार, केवलारी ब्लाक अध्यक्ष गंगाराम साहू पीपरदौन, उगली ब्लाक अध्यक्ष नरेन्द्र पटले सारसडोल, कान्हीवाड़ा ब्लाक अध्यक्ष बरातीलाल ठाकुर छुई, धनौरा ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार मिश्रा सुनवारा, छपारा ब्लाक अध्यक्ष किशोर चन्द्रवंशी बिले टा आदेगांव ब्लाक अध्यक्ष मोहन साहू आदेगांव, धूमा ब्लाक अध्यक्ष गोपाल परते धूमा, सालीवाड़ा गोविंद गुर्जर सलेमा, घंसौर ब्लाक अध्यक्ष रमेश कुमार यादव घंसौर को नियुक्त किया गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना सहित कांग्रेस जनों ने जिला कांग्रेस कृषि एवं कृषक प्रकोष्ठ के नव नियुक्त जिला पदाधिकारी एवं ब्लाक अध्यक्षो को बधाई देकर शुभकामनाएँ प्रेषित कर आशा व्यक्त की है कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पंहुचाकर आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की चारो विधानसभा में कांग्रेस विजयी बनाने एवं कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करेंगे।

## भोपाल के कोलार रोड स्थित कॉसमॉस कॉलोनी की बाउंड्री पर घूमता दिखा तेंदुआ, लोगों में दहशत

भोपाल। भोपाल जिले के बोरदा इलाके में तेंदुए एक कॉलोनी की बाउंड्री पर घूमता दिखा। रविवार रात तेंदुआ बाउंड्री पर कुछ देर घूमने के बाद जंगल की तरफ भाग गया। इसका एक युवक ने अपने मोबाइल में वीडियो बना लिया। भोपाल डीएफओ आलोक पाठक ने बताया कि यह घटना तीन दिन पुरानी है। रात 11 बजे के आसपास कॉसमॉस कॉलोनी की बाउंड्री पर तेंदुआ कुछ देर घूमता दिखा। दरअसल दूसरी तरफ जंगल है। जहां से तेंदुआ आया है। जानकारी मिलने के बाद हमने अपनी टीम भेजकर गश्त बढ़ा दी है। साथ ही लोगों को भी समझाइश दी है कि जंगल की साइड अकेले ना घूमे। बता दें कुछ समय पहले वन विभाग ने सुल्तानिया इंफेंट्री के पास से एक तेदुंए को पकड़ा था।

### भोपाल जिले में 25 तेंदुए

वन विभाग के अनुसार भोपाल के आसपास जंगल में 22 बाघ और 25 तेंदुए है। कोलार रोड स्थित कॉसमॉस कॉलोनी के आसपास जंगल है। जिसमें तेंदुए और बाघ का मूवमेंट है।

# शहडोल एवं रीवा ऐ सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज दिए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा



केवलारी यशोः - इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नालिस्ट के सदस्य रमाशंकर महोबिया ने जबलपुर छिंदवाड़ा की ओर चलने वाली शहडोल नागपुर एवं रीवा इतवारी ऐ सप्रेस ट्रेन का केवलारी में स्टाप किए जाने को लेकर के स्टेशन सहायक राजू कुमार के माध्यम से माननीय आलोक कुमार जीएम एसईसीआर बिलासपुर, डी आर एम एसईसीआर नागपुर, डीआरएम एसईसीआर बिलासपुर, डीआरएम पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग किया है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर डिवीजन के नैनपुर से छिंदवाड़ा से सन को स्वतंत्र भारत के 75 वर्षो के बाद ब्राड गेज रेल मिली है,लेकिन ट्रेनों का स्टापेज ना होने से समूचे क्षेत्र उपेक्षा का शिकार है। केवलारी ऐसा स्टेशन है जोकि नेरो गेज के समय काल में भी रेलवे को सबसे अधिक राजस्व देने बाला स्टेशन था।वर्तमान समय में ब्राड गेज के संचालन के पश्चात रेक पॉइंट के माध्यम से प्रति माह करोड़ों रुपए का राजस्व देने वाला एकमात्र रेलवे स्टेशन है। मध्यप्रदेश राज्य के सिवनी जिले में स्थित केवलारी विधानसभा 116 का विधानसभा मु यालय है।भौगोलिक दृष्टि से समूचा क्षेत्र चर्चित ओर लोकप्रिय है। केवलारी विकासखंड के अंतर्गत 71 ग्राम पंचायतें एक नगर परिषद और 182 ग्रामों का विशालतम क्षेत्र है जो की केवलारी से पांडिया छपारा तक 45 किलोमीटर, केवलारी से नैनपुर सीमा तक 22 किलोमीटर, केवलारी से पिंडरई मंडला सीमा 30 किलोमीटर का क्षेत्र है, इतने विशालतम क्षेत्र से प्रतिदिन बीमार मरीजों का आवागमन इलाज के लिए नागपुर ,जबलपुर आना जाना रहता है इसी तरह प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए क्षेत्र की युवक, युवतियों को परीक्षाओं के लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर की यात्रा करनी पड़ती है। केवलारी से नागपुर की दूरी 180 किलोमीटर इसी तरह केवलारी से जबलपुर की दूरी लगभग 150 किलोमीटर है ,लेकिन सीधे आवागमन का अभाव होने से मरीजों और प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं की परीक्षार्थियों को आर्थिक एवं शारीरिक जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। आज इस मार्ग में दो ऐ सप्रेस ट्रेन चल रही है जिनका ठहराव केवलारी रेलवे स्टेशन पर नहीं होने से समूचा क्षेत्र उपेक्षित महसूस करता है। जिसमें रीवा से जबलपुर नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा होकर इतवारी नागपुर ट्रेन सं या 11755 अप और 11756 डाउन, दूसरी ट्रेन शहडोल से नागपुर कटनी जबलपुर नैनपुर सिवनी के रास्ते नागपुर ट्रेन सं या 11201 अप एवं 11202 डाउन चल रही है।जिनका सीधा संपर्क नागपुर जबलपुर से जुड़ा हुआ है लेकिन केवलारी में स्टापेज नहीं होने से केवलारी क्षेत्र निराशा महसूस करता है।दोनों महत्वपूर्ण ऐ सप्रेस ट्रेनों को क्षेत्र की जरूरत को ध्यान में रखते हुए स्टापेज दिए जाने ज्ञापन उप स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से रेलवे के शीर्ष अधिकारियों से निवेदित किया गया है।

# परमहंसी जटाशंकर मंदिर पाढरवानी में ग्रामीणों ने किया वृक्षारोपण



बरघाट यशोः- बरघाट विधानसभा के ग्राम दौदीवाडा के अमर पब्लिक स्कूल के संचालक उजेश पटले द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अपने 45 वा जन्म दिवस 10 अे टूबर 2023 पर श्री परमहंसी जटाशंकर मंदिर पांढरवानी में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया !इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपने हाथों से फलदार वृक्ष लगाकर पर्यावरण का संदेश दिया, इसके पश्चात स्कूल प्रांगण में स्कूली छात्र-छात्राओं को निशुल्क बेग कॉपी ,पेन ,पुस्तक संचालक उजेश पटले द्वारा प्रदान किया गया !!इस कार्यक्रम में सरपंच ओमप्रकाश वाडिवा ,सचिव देवीसिंह सामाजिक कार्यकर्ता रिमचंद राहंगडाले पंच खीरचंद रहांगडाले, प्रताप रहांगडाले, मिथिलेश पटले पंच ओमनबाई उमा पटले ,कुंजीलाल गौतम, एवं शाला परिवार के शिक्षक /शिक्षकों का सहयोग प्रदान हुआ!!

जिला स्तरीय यूवा उत्सव फिर विवादों के घेरे में

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक नृत्य विधा में पक्षपात पूर्ण निर्णय दिया गया जिसका छात्राओं ने विरोध किया

सिवनी यशोः- 07अे टूबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मे आयोजित किया गया। जोकि पूर्व के वर्षो के भाति विवादित रहा। पिछले वर्ष भी सामूहिक नृत्य विधा में पक्षपात पूर्ण निर्णय किया गया था। जिसके कारण से सामूहिक नृत्य विधा का कार्यक्रम फिर से आयोजित करवाना पड़ा था इस वर्ष भी जिला स्तरीय युवा उत्सव में सामूहिक नृत्य विधा में पक्षपात पूर्ण निर्णय निर्णायकों के द्वारा लिया गया है जिसका नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने कुमारी प्रेरणा नागवंशी, शिवानी डेहेरिया, प्रिय डेहेरिया, नित्या शर्मा, अंजलि यादव, रानू भलावी संध्या उइके, और शुभम परते, द्वारा बताया गया कि सामूहिक नृत्य विधा में हमारे द्वारा सर्वोत्तम प्रदर्शन किया गया था जिसकी प्रशंसा वहा उपस्थिति सभी दर्शकों के द्वारा किया गया था व सभी दर्शकों के द्वारा उ मीद जताई गई थी की प्रथम स्थान, या द्वितीय स्थान प्राप्त होने की संभावना वक्त की गई थी। किंतु निर्णायकों के द्वारा किसी के दवाब के चलते, दबावपूर्ण निर्णय लिया गया जिसमें निर्णयावाली मे परिर्वतन कर प्रथम स्थान शास,पी, जी महाविद्यालय सिवनी, द्वितीय स्थान डी, पी, कॉलेज सिवनी, तृतीय स्थान शास, महा, कुरई को दिया गया। उक्त निर्णय का कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने आक्रोश वक्त करते हुए निर्णायकों के निर्णय और आयोजक महाविद्यालय के प्रती असंतोष वक्त किया गया है और इसके साक्ष्य समस्त महाविद्यालय के सामूहिक नृत्य रिकार्डेट्ड वीडियो के रूप में देखें जा सकते है जिससे वास्तविकता सभी के सामने उजागर हो सकती है इसी प्रकार के पक्षपात पूर्ण निर्णय के कारण पूर्व में भी विवादो की स्थितियां निर्मित हुई थी और छात्राओं के द्वारा बताया गया की विधा प्रभारी से जब छात्राओं के द्वारा जब पूछा गाया,, किस आधार पर यह निर्णय किया गया है? ऐसे में तो कोई महाविद्यालय आने वाले समय सहभागीता नही करेगा तो संस्कृतिक (सामुहिक नृत्य) विधा प्रभारी के द्वारा कहा गया की हमने आप के महाविद्यालय को आमंत्रतित नहीं किया था। आप के द्वारा स्वयं सहभागिता सुनिश्चित की गई है ।जबिक युवा उत्सव के कार्यक्रम विद्यार्थियों में छिपे प्रतिभा को निखारने के लिए उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा हर वर्ष आयोजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक महाविद्यालय की सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करना होता है लेकिन ऐसे विवादित निर्णयओं के आधार परे या? सही प्रतिभाएं निखरकर सामने आ पाएंगी और साथ ही छात्र छात्राओं का मनोबल भी हतोत्साहित होता है जिससे वे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने में कतराते है और छात्राओ के द्वारा मांग की गई है की उक्त रिकॉर्डेड वीडियो का पुनः अवलोकन कर निष्पक्ष निर्णय प्रदान किया जावे।

# अगर आम लोगों को मताधिकार नहीं मिला होता तो हमें जिंदगी भर नेताओं के सामने हाथ जोड़ना पड़ता - मोहन सिंह चंदेल

सिवनी यशोः- जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र सिवनी के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्री मोहन सिंह चंदेल द्वारा इस समय जिले में चल रही ग्राम स्वराज परिवर्तन यात्रा आज लखनवाडा में मां बैन गंगा की पूजा अर्चना कर प्रारंभ की गई तत्पश्चात ग्राम शंघई जैतपुर कला किशनपुर मडवा हस्तिनापुर कन्हर गांव होते हुए जाम बाजार पहुंची। यहां पहुंचने पर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री तुलाराम रजक के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस जनों ने गर्मजोशी से यात्रा का स्वागत किया।

तत्पश्चात नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया इससे संबोधित करते हुए यात्रा के नायक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल ने कहा कि पूज्य महात्मा गांधी ने लोगों को जागरूक करके और उन्हें अन्याय के खिलाफ लड़ने हेतु प्रेरित करके ही लोगों की ताकत के बल पर अंग्रेजी हुकूमत को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। और उन्होंने अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से लड़ने के भी रास्ते हमको बताए थे।

हम भी महात्मा गांधी के इन्हीं संदेशों एवं आदर्शों को अपना कर ही इस परिवर्तन यात्रा को विगत 30 वर्षो से जारी रखे हुए हैं। श्री चंदेल ने उपस्थित जन समुदाय से कहा कि आप सोच कर देखिए अगर हम सब को मताधिकार नहीं मिला होता तो जिंदगी भर हमको और हमारे आने वाली पीढियां को जो नेता कुर्सी पर बैठे होते उनके सामने जिंदगी भर हाथ जोड़ना पड़ता। परंतु आज मिले इस मताधिकार के कारण ही चाहे किसी भी पार्टी का नेता हो उसको 5 साल में एक बार हमारे दरवाजे तक हाथ जोड़ने जरूर आना पड़ता है। इसीलिए हमें अपने मताधिकार का प्रयोग बहुत सोच विचार कर करना है।

ग्राम कनहर गांव एवं जाम में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री शिव सनोडिया ने कहा कि मोहन भैया हमारे बीच के एक ऐसे नेता हैं जो ठान लेते हैं उसको पूरा जरूर करते हैं और उनके द्वारा लिए गए इसी संकल्प के कारण पदयात्रा व्यक्ति वर्षो से निरंतर चल रही है। उन्होंने इस परिवर्तन यात्रा में सभी से सहयोग करने का अनुरोध किया।

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष श्री धनंजय सिंह ने भी मुकर सभा को संबोधित करते हुए सभा में उपस्थित युवाओं से इस परिवर्तन यात्रा के संदेश को ग्रहण करते हुए इस बार क्षेत्र में परिवर्तन लाने का आव्हान किया।

आज की परिवर्तन यात्रा में श्री शशि भूषण सिंह बघेल श्री बृजभूषण बघेल मंडलम अध्यक्ष श्री कपिल बघेल श्री जय अंबे बघेल से टर अध्यक्ष जैतपुर श्री राधेश्याम बघेल किशनपुर श्री मुकेश बघेल जनपद सदस्य किशनपुर श्री भावेश वर्मा मड़वा श्री शंकर पटेल श्री मनोज तिवारी हस्तिनापुर श्री कन्हैया सनोदिया कनहर गांव श्री शिवराम पटेल सिमरिया श्री रघुनंदन ठाकुर मारबोड़ी श्री वीरेंद्र ठाकुर मारबोड़ी श्री विकास ठाकुर श्री संदीप ठाकुर जाम श्री ददुआ पटेल कन्हरगांव श्री यदुनंदन सनोडिया श्रीमती आशा चंदेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पवन रेखा रिनायत श्रीमती सुनीता वर्मा श्रीमती द्रौपदी चदेल एवं अन्य क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व श्रीमान् राजीव एम. आप्टे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के कुशल मार्गदर्शन तथा श्री निमिष राजा न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी सिवनी तथा ओमेश्वर ठाकरे निरीक्षक थाना प्रभारी डून्डासिवनी की उपस्थिति में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में संविधान के मूल अधिकार एवं कर्तव्य विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निमिष राजा न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी सिवनी द्वारा संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य विषय के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही शिविर में उपस्थित ओमेश्वर ठाकरे निरीक्षक थाना प्रभारी डून्डा सिवनी जिला सिवनी द्वारा यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी परिवार से एस.सी. सिंह, प्रभारी प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, श्रीमती मृदुला तिवारी, श्रीमती भानू पवार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी से प्रदीप कुमार गढ़ेवाल सहायक ग्रेड-तीन व सुनील मेहरा उपस्थित रहे।

## 14 अे टूबर को शनि देव महाराज का सातवां वार्षिक उत्सव एवं शिक्षकों का स मान समारोह


केवलारी यशोः- नगर के न्यायप्रिय देवता श्री शनि देव महाराज का सातवां वार्षिक उत्सव दिनांक 14 अे टूबर दिन शनिवार अश्वनी माह पितृ मोक्ष शनि अमावस्या को शास्त्र स मत विधि के साथ प्रातः काल से पूजन एवं संध्या काल पर 5ः00 बजे के पश्चात हवन, महाआरती एवं प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्री शनि देव महाराज के वार्षिक उत्सव के पावन दिवस पर बारिष्ट शिक्षको का स मान समारोह दोपहर 12ः00 बजे शनि देव पार्क कॉलेज के पास आयोजित किया जा रहा है। शनि मंदिर धाम के संचालक प्यासी महाराज के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है इसी कार्यक्रम में शिक्षकों के स मान कार्यक्रम का समावेश किया गया है। धर्म प्रेमी बंधुओ से आग्रह हैं कि शनि देव मंदिर पर पहुंचकर के पूजन, हवन में शामिल होकर के धर्म लाभ अर्जित करें।

11 अ टूबर लोक नायक जय प्रकाश नारायण जयंति पर विशेष

# जय प्रकाश नारायण: स पूर्ण क्रांति की प्रासंगिकता

सिवनी यशोः- 11 अे टूबर 1902 में जय प्रकाश नारायण का जन्म सिताब दियारा नामक एक छोटे से कस्बे में हुआ। उनके जीवन की एक ही साधना थी , वे दुनिया के सभी मनुष्यों की हर तरह की गुलामी, शोषण और अभावों से मुक्ति चाहते थे। छात्रा जीवन में वे देश की गुलामी से संतप्त होकर स्वतंत्राता संग्राम में जुड़े। सन् 1942 की अगस्त क्रांति के समय वे हजारी बाग जेल से भाग खड़े हुए और अपनी अनूठी दक्षता से भूमिगत रहकर ''भारत छोड़ों आंदोलन'' को उन्होंने बेहतर आयाम दिया।

लेकनायक जयप्रकाश का आज़ाद भारत का अपना एक अलग सपना था, वे समाज की विषमताओं, विंडबनाओं और कुरीतियों के उन्मूलन के लिये ''सत्ता'' को एकमात्रा साधन नहीं मानते थे, इसीलिए उन्होंने अपने आप को सदैव सत्ता से दूर रखा और राजनैतिक स्वतंत्राता के बाद महात्मा गांधी के ''सर्वोदय मिशन'' और बिनोबा जी के भूदान आंदोलन में अपने आप को समर्पित किया। वास्तव में जे.पी. समता, समानता और भ्रातत्व की भावना की के आधार पर एक नये समाज की रचना चाहते थे ताकि एक नये मनुष्य का निर्माण हो सके। जिस तेजी से आजाद भारत के 2-3 दशक बीत जाने पर भ्रष्टाचार, भुखमरी, गरीबी, उत्पीड़न ने देश की तस्वीर बिगाड़ी, राजनैतिक सत्ता दिशा विहीन हो गयी, तब जे.पी. अपने आपको रोक नहीं सके और उन्होंने ''डेमोक्रेसी फार यूथ'' (युवकों के लिए लोकतंत्रा) नाम से अपील प्रसारित कर देश की तरूणाई को आव्हान कर उन्हें उनकी शक्ति का एहसास दिलाया, फलतः 1973 में गुजरात और बिहार में छात्रा-नौजवानों का आंदोलन प्रस्फुटित हुआ। आंदोलन की यह चिनगारी जे.पी. के नेतृत्व में कुछ इस तरह भड़की की कि देखते ही देखते पूरे देश में दावानल में तब्दील हो गई और जेपी ने इसे ''स पूर्ण क्रांति'' का नारा दिया।




क्रांति शब्द तो परिवर्तन और नवनिर्माण का प्रतीक है, जे.पी. की स पूर्ण या समग्र क्रांति का नारा आम जन के लिए है, वे इस क्रांति का मोर्चा हर स्तर पर अर्थात हर शहर, कस्बे, चौक, चौपाल, कार्यालय, विद्यालय और परिवार में चाहते थे और इस क्रांति के माध्यम से सरकार, समाज, शिक्षा, चुनाव, बाजार, विकास की योजनाओं में परिवर्तन चाहते थे। इसके माध्यम से खुदगरजी के स्थान पर पारस्परित सहयोग स्थापित करना चाहते थे, उन्होंने लोकशक्ति को सामाजिक परिवर्तन का साधन बनाया था। जेपी क्रांति के माध्यम से समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति का विकास चाहते थे, जिसके लिए उन्होंने नया शब्द खोजा था- ''अन्त्योदय'' अर्थात जो सबसे गरीब, असहाय है, इसकी चिंता पहले की जाये और उसका उदय पहले हो ताकि वह भी अपनी पीठ सीधी कर सके, अपने अधिकारों की मांग कर सके, उसके लिए लड़ सके।

वर्ष 1977 के इस छात्रा आंदोलन का नेतृत्व लोकनायक जयप्रकाश ने संभाला और यह एक व्यवस्था परिवर्तन के राष्ट्रीय आंदोलन में परिवर्तित हुआ। उसी दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्राी श्रीमति इंदिरा गांधी के निर्वाचन को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अवैध घोषित कर उन्हें 6 वर्षो तक के लिये चुनाव लड़े के लिए अयोग्य भी घोषित कर दिया था, जिससे दमनकारी सत्ता शक्ति के विरूद्ध जनमानस तैयार हुआ और श्रीमति गांधी से तत्काल पद छोड़ने की मांग समूचे देश में गूंजने लगी। जय प्रकाश बाबू ने 25 जून 1975 को दिल्ली के रामलीला मैदान में एतिहासिक जन सैलाब के माध्यम से तानाशाह शक्ति को ललकारा, जिसके प्रतिवाद में रातोंरात देश में आपातकाल घोषित कर दिया गया, जो हमारे गौरवशाली जनतंत्रा के इतिहास में ''काले अध्याय'' के रूप में जाना जाता है। आंतरिक सुरक्षा कानून (मीसा) की ज़द में आंदोलनकारियों को जेलों में डालकर उनका उत्पीड़न किया गया। सन् 1977 के लोकसभा चुनाव में संघर्ष के परिणाम सामने आए। यह एक ऐसा चुनाव था जिसमें जनता आगे थी, नेता पीछे। समूचा विश्व जे.पी. के करिश्माई नेतृत्व में इस शांतिपूर्ण, अहिंसक आंदोलन और उसके परिणाम देखकर स्तब्ध हो गया, जिसमें छात्रा, नौजवानों की एकता और प्रौढ़ मतदाताओं का निर्णायक प्रभाव था। एक दुर्भाग्यजनक पहलू यह रहा कि जे.पी. के इस आंदोलन के गर्भ से निकले छात्रा नेता राजनीति की चकाचौंध और सत्ता लोलुपता में इस तरह डूबे कि उन्होंने नैतिक मूल्यों, आदर्शों को तिलांजलि देकर स पूर्ण क्रांति को ही विस्मृत कर दिया और उसकी रूण हत्या कर दी।

मौजूदा परिस्थितियों में देश पिछले दशकों की तुलना में और अधिक बदहाली का शिकार हुआ है। आज देश का संसदीय जनतंत्रा अपराधी, औद्योगिक घरानों और राजनेताओं के ताने बाने में टिका है, हमारे बहुदलीय तंत्रा में राजनैतिक दल वैचारिक विभेद की रेखाओं को मिटाकर स्वार्थपरक हो गये हैं। कोई संसद सदस्य अपने चुनाव खर्चो का सही हिसाब देने को तैयार नहीं है। देश के प्रधानमंत्राी अपने दायित्व से विमुख हो रहे हैं, सत्ता के विकेन्द्रीकरण के साथ भ्रष्टाचार का विकेन्द्रीकरण ग्राम पंचायतों के स्तर पर व्याप्त है, आर्थिक उदारवाद और वैश्विक अर्थव्यवस्था के मौजूदा दौर में गांव और ग्रामीण अर्थव्यवस्था देश की मु यधारा से कहीं कटते चले जा रही है। ग्रामीणजन की कृषि भूमि, औद्योगिकरण के नाम पर अधिग्रहण के मुद्दे ने राजसत्ता की ग्राम स्वराज्य की नियत पर सवालिया निशान लगा दिया है। इस प्रकार मूलरूप से सत्ता और समाज में नैतिक मूल्यों और दायित्वों का ह्रास हुआ है। आज आवश्यकता है सामाजिक परिवर्तन के संघर्ष की, जैसे जे.पी. की समग्र/स पूर्ण क्रांति की वैचारिक शक्ति के साथ लोकशक्ति के माध्यम से किया जा सकता है। देश को युवा शक्ति से अपेक्षाएं हैं, युवा शक्ति ही इस क्रांति को देश के हर कोने, कस्बे तक नई ऊर्जा से पहुंचा सकती है। जे.पी. ने स्वंय कहा- ''.........क्रांति आरोहरण की एक प्रक्रिया होगी। इस कठिन चढ़ाई में तरूणों को ही आगे आना होगा''

## जनसुनवाई स्थगित

मण्डला यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील रहने की अवधि 9 अे टूबर 2023 से 5 दिसंबर 2023 के दौरान जनसुनवाई स्थगित रहेगी। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को उक्त निर्देश का पालन करने को कहा है।

## निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण 13 अे टूबर को होगा

मण्डला यशोः-अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 13 अे टूबर 2023 को प्रातः 11 बजे आरडीपीजी कॉलेज मंडला में निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में विधानसभा क्षेत्र मंडला, निवास एवं बिछिया के सभी आरओ, एआरओ एवं विधानसभा स्तरीय नॉमिनेशन टीम के अधिकारियों/कर्मचारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## विभागीय वेबसाईट से जनप्रतिनिधियों की फेटो व अन्य सामग्री हटाया जाए

मण्डला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने विभाग/कार्यालय की वेबसाईट से जनप्रतिनिधियों की फेटो एवं अन्य सामाग्री तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

## आदर्श आचरण संहिता के दौरान मंत्रीगण के प्रोटोकॉल के संबंध में निर्देश जारी

मण्डला यशोः- निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील रहने के दौरान मंत्रीगण/जनप्रतिनिधिगण के शासकीय भ्रमण/बैठक/वीडियो कॉन्फ्रेंस इत्यादि वर्जित किए गए हैं। उन्हें दिए जाने वाला प्रोटोकॉल भी शिथिल रहेगा। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने सभी कार्यालय प्रमुखों को उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा।

## युवतियों ने हथेलियों पर लिखा मतदान मेरा अधिकार



बालाघाट । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। अब बारी मतदाताओं की आ गई है। सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मीडिया से कहा कि पिछले विधानसभा से इस बार अधिक प्रतिशत का लक्ष्य रखा है। इस लिहाज से मतदान जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किय जायेगे। इस तारत य में जन अभियान परिषद द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है। सोमवार को कटंगी महाविद्यालय एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू की छात्राओं ने हाथों पर मेहंदी से मतदान मेरा अधिकार, ना जाति पर ना ही धर्म पर बटन दबेगा कर्म पर ऐसे कई प्रेरक नारे लिखें। साथ ही मेहंदी प्रतियोगिता में युवतियों से एक से एक प्रेरक नारे लिखने के बाद फ़ोटो सेशन किया। इसके अलावा वारासिवनी के तुमाड़ी पंचायत में भी शपथ दिलाई गई।

## ग्राम स्वराज परिवर्तन यात्रा का समापन 13 अे टूबर को ग्राम कलारबाकी में होगा




सिवनी यशोः- जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र सिवनी के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्री मोहन सिंह चंदेल द्वारा दिनांक 2 अे टूबर 2023 से निकाली गई ग्राम स्वराज परिवर्तन यात्रा का दिनांक 13 अे टूबर को अपराहन 3ः00 बजे ग्राम कलार बाकी बंडोल में समापन किया जाएगा। 13 अे टूबर को परिवर्तन यात्रा प्रातः 11ः00 बजे भोंगाखेड़ा से प्रारंभ होकर सोना डोंगरी, खामखरेली, सिहोरा, बल्लारपुर, मगरकठा, सरगापुर, भाटीवाडा, मोआरी होते हुए कांचना, जोगीवाडा पहुंचेगी एवं जोगीवाडा से पदयात्रा के माध्यम से कलार बाकी बाजार पहुंचकर पदयात्रा का समापन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि श्री मोहन चंदेल ने आज से 30 वर्ष पूर्व 2 अे टूबर 1994 से इस पदयात्रा को प्रारंभ किया था जो आज भी निरंतर जारी है। इस वर्ष पदयात्रा का प्रारंभ दिनांक 2 अे टूबर गांधी जयंती को गांधी चौक शुक्रवारी बाजार से किया गया था। इस कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर स्वामी बलवंत महाराज एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राज खुराना उपस्थित रहे थे एवं पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी जी के साथ रहे पदयात्री श्री अजय पटेल एवं श्रीमती नंदा हात्रे जी उपस्थित हो चुकी हैं।

पदयात्रा के समापन के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी श्री संजय कपूर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राजकुमार खुराना, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी श्री चौधरी गंभीर सिंह, केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री रजनीश सिंह ठाकुर, जिले के सह प्रभारी श्री राजेंद्र सिंह चौधरी एवं अरुण पवार एवं मौनी दादा आश्रम के प्रभारी स्वामी श्री बलवंत आनंद महाराज जी समेत जिले के अन्य नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए परिवर्तन यात्रा के समन्वयक श्री दादू राम सनोडिया एवं सह प्रभारी श्री अर्पण संध्या, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बंडोल के अध्यक्ष हरि जयसवाल, मंडलम कांग्रेस कमेटी कलरबंकी के अध्यक्ष श्री विवेक राय, महलोन क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री छिदामी लाल भलावी, से टर अध्यक्ष झनक धुर्वे ने क्षेत्रीय जनों कांग्रेसी साथियों एवं किसान व नौजवान साथियों से इस अवसर पर उपस्थित की अपील की है।

## कार अनियंत्रित होकर पलटने से 05 घायल 100 डायल सेवा ने पहुँचाया अस्पताल

मण्डला यशोः- जिला मंडला के थाना टिकरिया के अंतर्गत खैरी गाँव मे कार अनियंत्रित होकर पलट जाने से 05 लोग घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 10-10-2023 को प्राप्त हुई । सूचना प्राप्ति पर तत्काल मंडला जिले के टिकरिया थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को तत्काल मदद के लिए रवाना किया गया । डायल-112/100 स्टाफने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि कार अनियंत्रित होकर पलट जाने से 05 घायलों को डायल-112/100 स्टाफने एफआर वी वाहन से ले जाकर नारायणगंज अस्पताल मे भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है। अग्रिम कार्यवाही थाने द्वारा की जा रही है।

## मतदान जागरूकता अभियान अंतर्गत स पूर्ण जिले में एक साथ किया गया दीवार में नारे लेखन कार्य

**जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी डीएस रणदा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान जिले में चलाया जा रहा है।**




बालाघाट । मतदान जागरूकता अभियान अंतर्गत स पूर्ण जिले में एक साथ किया गया दीवार में नारे लेखन कार्य .....बालाघाट 9 अे टूबर 23/ जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी डीएस रणदा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान जिले में चलाया जा रहा है। जिसमें नित नए प्रयोग किये जा रहे है जिसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समस्त से टर परियोजनाओ के अंतर्गत आने वाले ग्रामो में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ के माध्यम से स पूर्ण जिले में एक साथ दीवार नारे लेखन का कार्य किया गया मतदान जागरूकता अभियान अन्तर्गत मतदान सबन्धित नारो का दीवार लेखन कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया ताकि शत प्रतिशत निर्भीक होकर मतदाता मतदान करने मतदान केंद्र तक पहुचे एवं अपने अमूल्य मतदान का प्रयोग कर सके साथ ही मतदान जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई।

## जबलपुर-मंडला नेशनल हाईवे बना हादसों का गढ़ इनोवा कार पलटने से 1 मासूम की मौत

नारायणगंज यशोः- जिले में लगातार सड़क हादसे की खबर सामने आ रही हैं वही जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे तीस के खैरी ग्राम के खन्ना ढाबा के सामने एक तेज र तार इनोवा कार अनियंत्रित होकर पलटने का मामला सामने आया हैं, जिसमे 11 वर्षीय एक मासूम की मौके पर मौत हो गई हैं। जबकि चालक सहित पांच लोग घायल हैं । टिकरिया थाना प्रभारी प्रताप सिंह मरकाम के द्वारा बताया की सुबह लगभग सात बजे एक इनोवा कार जो की छत्तीसगढ़ रायपुर से आरक्षक ड्राइवर सुनील शर्मा उम्र 45 वर्ष ,उनकी पत्नी शांति शर्मा उम्र 40 वर्ष ,उनकी बेटी तुलसी शर्मा 18 वर्ष ,पायल शर्मा 16 वर्ष,ओर बेटा नव शर्मा उम्र 11 वर्ष जो को रायपुर से ग्वालियर जा रहे थे । तभी नेशनल हाइवे तीस के खैरी ग्राम के खन्ना ढाबा के सामने कार अनियंत्रित हो गई और रोड के किनारे जाकर पलट गई। जानकारी टिकरिया पुलिस को दी गई जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रताप सिंह मरकाम और उनकी टीम पहुंची ओर स्थानीय जनों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला गया वही बताया गया की इस घटना में 11 वर्षीय नव शर्मा की मौत हो गई हैं वही तुलसी शर्मा उम्र 18 वर्ष की हालत गंभीर देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जबकि अन्य लोगो का ईलाज नारायणगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जारी हैं वही बताया गया की कार को अमित कस्तूरिया नाम का चालक चला रहा था उसे भी चोट आई हुई हैं वही घटना की जांच टिकरिया पुलिस कर रही हैं।

## अस्त्र-शस्त्र विक्रेताओं के स्टॉक की जाँच पूर्ण करें

मण्डला यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। घोषणा के फ्लस्वरूप जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने मंडला जिले में अनेक शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी तथा अस्त्र-शस्त्र विक्रेता को विधानसभा निर्वाचन के दौरान इनके दुरूपयोग को रोकने के लिए समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाले समस्त अस्त्र-शस्त्र विक्रेताओं के स्टॉक की जांच 7 दिवस में पूर्ण करें। जिले के समस्त अनुज्ञप्तिधारी अस्त्र-शस्त्र विक्रेताओं को प्रतिदिन के स्टॉक तथा बिक्री (शस्त्र एवं कारतूस) इत्यादि की जानकारी की एक प्रति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को प्रतिदिन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

**ग्रामसभाओं/जिला योजना समिति की बैठक पर प्रतिबंध**

मण्डला। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 की संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण होने तक जिला योजना समिति एवं ग्रामसभा की बैठकें प्रतिबंधित कर दी है।

## मेहेर बाबा कुटी मैदान देवदरा मंडला में श्री अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ

मण्डला यशोः-प्रकृति के पोषण विश्व शांति जन कल्याण और गौ सेवा के उद्देश्य को लेकर नर्मदा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष नीलू महाराज के द्वारा जन सहयोग से यज्ञ का आयोजन किया जाता है उसी श्रंखला में मेहेर बाबा कुटी मैदान देवदरा मंडला में श्री अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्री मद भागवत महापुराण का आयोजन 17 दिस बर से 25 दिस बर 2023 तक होना है इस यज्ञ में प्रथम उपस्थिति द्वारका पीठाधीश्वर श्री मद् जगत्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदा नंद सरस्वती जी महाराज की होगी साथ ही ग्वारीघाट जबलपुर वाले स्वामी श्री पगलानंद जी महाराज, गीता धाम वाले डॉ स्वामी नरसिंह दास जी महाराज,सनातन धर्म गौ सेवा वाले श्री अखिलेश्वरानंद जी महाराज , बरमान घाट वाले स्वामी श्री सीताराम दास जी महाराज, अमोल खोह वाले श्री भगत् गिरि बच्चू बाबा जी महाराज, अमरकंटक गीता मंदिर वाले नरमदानंद जी महाराज, जामदार अस्पताल वाले डॉ जितेन्द्र जामदार जी सहित लगभग 108 महात्माओं का आगमन होगा ,विद्वत विप्र स मेलन,गीता जयन्ती उत्सव में श्लोक पाठन प्रतियोगिता, विराट सुहागलों का आयोजन आदि स पन्न होंगे आप सभी तन मन धन से सहयोग कर कार्यक्रम को सफ्ल बनावें। यज्ञ स पन्न कराने हेतु याज्ञिक ब्राह्मण बनारस वाराणसी से आयेंगे श्री मद् भागवत का मूल पारायण करने वाले विप्र वृंदावन से आयेंगे श्री मद् भागवत तत्व पर प्रवचन भागवत् रसिक नीलू महाराज के द्वारा एवं यज्ञ का संयोजन नीलू महाराज के द्वारा होगा। व्यवस्थापन वरदान आश्रम सेवा समिति,देवदरा पंचायत,श्री मेहर बाबा सेवा समिति,सनातन धर्मो परिवार के आदि के द्वारा होंगा।

## धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, धारदार हथियार एवं घातक पदार्थो को न तो साथ लेकर चलेगा, और न उनका सार्वजनिक प्रदर्शन करेगा और न ही उनका सार्वजनिक रूप से प्रयोग करेगा। आगन्तुकों के स्वागत, उत्सव एवं समारोह में किये जाने वाले हवाई हर्ष फायर भी वर्जित रहेंगे। वैध अनुज्ञप्तिधारी को छोड़कर कोई भी व्यक्ति न तो बारूद एवं पटाखों का संग्रहण करेगा न उनका निर्माण करेगा, न परिवहन करेगा और न ही उनका उपयोग करेगा। कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना तथा पुलिस को पूर्व सूचना दिये बिना कोई जुलूस नही निकालेगा। कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना तथा पुलिस को पूर्व सूचना दिये बिना किसी भी सार्वजनिक स्थान पर न तो किसी आमसभा का आयोजन करेगा और न ही इस हेतु टेन्ट, शामियाना इत्यादि ही लगायेगा। इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति वैध अनुमति के बिना अस्त्र-शस्त्रों का परिवहन नहीं करेगा। सुरक्षा एवं चुनाव व्यवस्था आदि के लिये कर्तव्य पालन के समय लगे सुरक्षा बल, आर्द्धसैनिक बल, पुलिस बल, नगर सैनिक बल आदि पर तथा विशिष्ट व्यक्तियों, अधिकारियों एवं उ मीदवारों की सुरक्षा हेतु लगाये पुलिस एवं अन्य शासकीय बल पर प्रभावशील नहीं होगा। सि ख धर्म के अनुयायिओं एवं विवाह समारोह के समय दूल्हे द्वारा धारण की गई कटार पर प्रभावशील नही होगा। यह आदेश 5 दिसंबर 2023 तक प्रभावशील रहेगा।

## वाहनों का दुरूपयोग रोकने के आदेश जारी

मण्डला यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन की घोषणा के फ्लस्वरूप जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत संस्था में उपलब्ध (अनुबंधित वाहन सहित) किसी भी वाहन का चुनाव प्रचार-प्रसार में उपयोग न करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने हेतु जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराए गए वाहन अपने प्रभार में तत्काल प्राप्त कर सूचित करने को कहा है। वाहनों के दुरूपयोग की शिकायतें प्राप्त होने एवं जाँच में सही पाए जाने पर जि मेदारी निर्धारित कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा सकेगी।

### स्थानांतरण/संलग्नीकरण/नवीन नियुक्तियों पर प्रतिबंध

मण्डला यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील रहने के दौरान (निर्वाचन कार्यालय को छोड़कर) स्थानांतरण, संलग्नीकरण एवं नवीन नियुक्तियों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है।

## गर्ल्स कॉलेज में अन्तर महाविद्यालयीन युवा उत्सव हुआ प्रार भ




मंडला यशोः- शासकीय जे.एम.सी. कन्या महाविद्यालय में अंतरमहाविद्यालयीन जिला स्तर युवा उत्सव का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे के संरक्षण व मार्गदर्शन तथा डॉ.आराधना दुबे के संयोजन में हो रहा है। इसका प्रथम दिवस उद्घाटन डॉ.विजेंद्र चौरसिया प्राचार्य शासकीय आरडीपीजी महाविद्यालय के मु यातिथ्य तथा श्री आरके परोहा प्राचार्य के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। सरस्वती वंदना के बाद डॉ आराधना दुबे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए स्वागत भाषण दिया। अतिथियों का परिचय व स्वागत स्टाफव छात्राओं द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना अनश्री विश्वकर्मा ने प्रस्तुत की व स्वागत गीत अनुश्री विश्वकर्मा, प्रियंका नरते, संजनी सैयाम द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ.एसपी धूमकेती ने अतिथियों का शानदार परिचय दिया। विशिष्ट अतिथि आरके परोहा ने युवाओं को गतिशील रहने व निज ऊर्जा जाग्रत करते हुए सतत् श्रम करने की सीख दी, तो वहीं मु य अतिथि डॉ विजेंद्र चौरसिया जी मु य अतिथि ने संस्कारों को धारण करके आशा व आत्मविश्वास के साथ अच्छा विद्यार्थी बनने की चेतना का संचार किया, और चरित्र निर्माण पर बल दिया। संस्था के प्राचार्य व स पूर्ण युवा उत्सव के संरक्षक प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे ने काव्यमय व्या यान देते हुए युवाओं को व्यक्तित्व निर्माण का संदेश दिया, और कला-कौशल के विकास पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि साधना करने से ही इंसान बुलंदियों पर पहुंचता है,इसलिए आप सफ्लतम व्यक्तियों की जीवनियाँ पढ़ो और संघर्ष कर आगे बढ़ना सीखो। जरूरत इस बात की है कि युवा अपने को पहचाने। इस आयोजन में आयोजक महाविद्यालय के अलावा ,आरडीपीजी कॉलेज, बिछिया, नैनपुर, निवास, ब हनी-बंजर, मवई, अंजनिया, नारायणगंज आदि के चयनित विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल-सुगम गान, वादन, एकांकी, मूक अभिनय, फैंसी ड्रेस, रंगोली, स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, ले मॉडलिंग, प्रश्न मंच, वाद-विवाद,वक्तृता आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। डॉ.एसपी धूमकेती,डॉ अंजली पंड्या,श्री डीके रोहितास, डॉ अंजु सिंह, डॉ प्रदीप सोनी, डीएस बघेल, मंजु श्रीवास, सावित्री उरैती, विजया श्याम, राशि तिवारी, अनिल वाजपेयी, जयप्रकाश वाजपेयी आज विभिन्न प्रतियोगिताओं व समितियों की व्यवस्था संभाल रहे हैं। मो.सलीम खान, श्रीमती जया सराफ श्रीमती मीना शु ला, श्रीमती नीलम खरे, श्रीमती दिव्या खत्री, श्रीमती संध्या शु ल मृदुल, एके शु ला, श्री राजेश क्षत्री आदि विविध प्रतियोगिताओं में योग्य निर्णायक के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। प्रथम दिवस की प्रतियोगिताएं स पूर्ण गरिमा सहित स पन्न हुई। बाकी प्रतियोगिताएं व समापन अगले दिवस होगा।पहले दिन का आभार प्रदर्शन डॉ प्रदीप सोनी के विशिष्टतापूर्वक द्वारा किया गया। सुलेंद्री धुर्वे, सपना भारतीया, संजना मरावी, सोनम धनगर, सोनू तेकाम,अंजली उइके, सरोजिनी मरकाम,ज्योति तेकाम आदि का विशेष सहयोग रहा।

## सुविधा एप या आफलाईन आवेदन प्राप्त होने पर मिलेगी अनुमति

मण्डला यशोः- भारत निर्वाचन आयोग विधानसभा निर्वाचन-2023 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है, जो निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि तक प्रभावशील रहेगी। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान ऑनलाईन सुविधा एप के माध्यम से एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी के कार्यालय में ऑफ्लाईन अनुमति हेतु प्राप्त होने वाले आवेदनों में अ यर्थियों/अन्य व्यक्तियों को चुनाव-प्रचार/निजी कार्यक्रम हेतु सभा/रैली/कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्थान/समय की अनुमति प्रदान करने तथा चुनाव-प्रचार के लिए वाहन की अनुमति देने हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी को उनके अनुविभाग क्षेत्र हेतु अधिकृत किया है। एक स्थान के लिए एक ही दिन एक समय पर दो अ यर्थी/अन्य व्यक्तियों द्वारा सभायें आयोजित करने के लिए अनुमति हेतु आवेदन किए जाने की दशा में प्रथम आवेदन को पहिले एवं बाद में आवेदन प्रस्तुत करने वाले को बाद में अनुमति प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिस स्थल पर सभा या रैली का आयोजन प्रस्तावित है, उस स्थल के थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी के प्रतिवेदन के परीक्षणोपरान्त ही अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा अनुमति दी जायेगी।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297